आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 02.02.2025
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- केंद्रीय बजट को विभिन्न क्षेत्रों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही हैं।
- चम्पावत जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों के ग्रामीणों को एसएसबी की पांचवी वाहिनी की ओर से मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण दिया गया।
- प्रदेश में वसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।
- राजाजी टाइगर रिजर्व, इन दिनों सैलानियों से गुलजार है।

**बजट प्रतिक्रिया**

केंद्रीय बजट को विभिन्न क्षेत्रों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। व्यापार, उद्योग विशेषज्ञ और आम लोगों ने मध्यम वर्ग को आयकर में राहत देने, नवाचार और कौशल विकास को बढ़ावा देने के सरकार के प्रस्तावों की सराहना की है। ऊधमसिंह नगर के उद्यमी अशोक बंसल ने सरकार के इस बजट की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह विकासपरक बजट है। उन्होंने कहा कि बजट में उद्योगों को आगे बढ़ने का बेहतर अवसर मिलेगा।

उधर, अल्मोड़ा में मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारी राघव पंत ने कहा कि बजट में मेडिकल की सीटों को बढ़ाने पर अस्पतालों में चिकित्सकों के रिक्त पद सृजित होंगे। उन्होंने बजट में कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज में दवाओं में छूट का भी स्वागत किया।

मशरूम प्रशिक्षण

चम्पावत जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों के ग्रामीणों को नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण दिया गया। एसएसबी पाँचवीं वाहनी द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत कृषि विज्ञान केंद्र लोहाघाट के सहयोग से जिले की नेपाल सीमा से लगे दर्जनभर गाँवो के 25 ग्रामीणों को मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण दिया गया। एसएसबी पंचम वाहनी के कमांडेन्ट अनिल कुमार सिंह ने बताया कि नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत सीमावर्ती ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार के लिए खुद को तैयार करने के उद्देश्य से मशरूम की खेती का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रक्षिक्षण के दौरान सीमावर्ती ग्रामीणों को कृषि विज्ञान केंद्र लोहाघाट के वैज्ञानिकों ने ढिंगरी मशरूम की उत्पादन की विधि, बुआई, मशरूम की तड़ाई, भण्डारण का उपयोग और मशरूम के व्यवसाय के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मशरूम उत्पादन वर्तमान समय में एक अत्यंत लाभकारी और विभिन्न संभावनाओं से भरा हुआ व्यवसाय बन चुका है, जो कम लागत, कम जगह और कम समय में अच्छी आय प्राप्त करने का एक बेहतरीन जरिया है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों को मशरूम की खेती के लिए मशरूम

कम्पोस्ट बीज, जिप्सम, मशरूम पैकिंग बॉक्स, फोरमलीन और मशरूम कम्पोस्ट स्पाऊन बैग का भी वितरण किया गया।

## वसंत पंचमी

प्रदेश में आज वसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस दिन मां सरस्वती की आराधना की जाती है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को वसंत पंचमी की बधाई और शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने कहा कि बसंत पंचमी केवल ज्ञान और विद्या का ही नहीं, बल्कि प्रकृति के नव निर्माण का पर्व भी है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि मां सरस्वती के आशीर्वाद से प्राप्त ज्ञान से हम लोक कल्याण, मानवता, विश्व शांति और समृद्धि की ओर अग्रसर होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वसन्तोत्सव प्रकृति के श्रृंगार और नई ऊर्जा का संचार करने वाला पर्व है। यह दिन माता सरस्वती को भी समर्पित है, जो ज्ञान, संगीत और कला की देवी हैं। उधर, पौड़ी गढ़वाल के कोटद्वार स्थित, कण्वाश्रम में दो दिन तक चलने वाला वसंतोत्सव मेले का आयोजन किया गया है। इसका शुभारंभ कोटद्वार नगर क्षेत्र में स्कूली बच्चों द्वारा रैली निकालकर किया गया। रैली की अगुवाई, कुमाऊंनी छोलिया नृत्य की टीम द्वारा की गई।

## राजाजी टाइगर रिजर्व

राजाजी टाइगर रिजर्व, इन दिनों सैलानियों से गुलजार है। विभिन्न राज्यों और विदेशी पर्यटक रिर्जव में वन्यजीवों के दीदार करने के लिए आ रहे हैं। पर्यटकों के लिए जंगल सफारी की व्यवस्था की गई है। साथ ही उनके खाने–पीने की भी सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। पर्यटक यहां आने के लिए ऑनलाइन बुकिंग भी कर सकते हैं। चीला रेंज के वन क्षेत्र अधिकारी बिजेंद्र दत्त तिवारी का कहना है कि अब तक पांच हजार सैलानी राजाजी टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी कर चुके हैं। सैलानियों को जंगल में हाथियों के अलावा टाइगर, गुलदार और अन्य जंगली जानवरों के दीदार हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि पर्यटकों के खाने पीने के लिए कैंटीन भी बनाई गई है। इसके अलावा जंगल की सड़कों को भी दुरुस्त किया गया है, ताकि पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## सीसीटीवी कैमरे

देहरादून में आम लोगों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था के दृष्टिगत पल्टन बाजार में स्थापित किये गए 22 सीसीटीवी कैमरे और पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम का शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी सविन बसंल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने कोतवाली देहरादून से इसका शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार की सभी सेवाओं और सुविधाओं का उद्देश्य अंतिम छोर के व्यक्ति को लाभ दिलाना है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिलाधिकारी को शहर में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए भेजे जा रहे प्रस्तावों के लिए धनराशि जारी की जा रही है, जिससे शहर में कानून व्यवस्था के साथ ही अन्य

व्यवस्था बनाने में सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा जल्द ही ऋषिकेश में भी 46 कैमरे स्थापित किये जाएंगे।

कार्यशाला

नैनीताल में डॉ. आर.एस. टोलिया उत्तराखंड प्रशासनिक अकादमी के तत्वावधान में विकास भवन, रोशनाबाद में ग्राम्य विकास विभाग के लोक सूचना अधिकारियों और सहायक लोक सूचना अधिकारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। हरिद्वार की मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सूचना को पारदर्शी व सुगम बनाना लोक सूचना अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस दौरान सूचना का अधिकार अधिनियम के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।